दून कैंट विस से प्रभारी नियुक्त किए जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए रविंद्र सिंह आनंद ।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### पीसीसी ने बनाए पांच लाख नए सदस्य

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दस लाख नए सदस्य बनाने के सापेक्ष पांच लाख नए सदस्य बनाए हैं। अब आगामी चुनाव के बाद सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा। सदस्यता शुल्क के रूप में जमा दस लाख रुपये का ड्राफ्ट एआईसीसी को भेजा जा रहा है। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस सदस्यता अभियान समिति के अध्यक्ष राजेंद्र भंडारी ने बताया कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है, जिसने बढ़त बनाते हुए सदस्यता अभियान चलाया और बहुत कम समय में लक्ष्य के आधे हिस्से को पार किया। अभी तक की रिपोर्ट के अनुसार लगभग 5 लाख नए सदस्य बनाए गए हैं।

### कैंट विधानसभा प्रभारी बनाए जाने पर आभार जताया

**संवाददाता** देहरादून।' आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिंह आनंद ने आम आदमी पार्टी द्वारा देहरादून कैंट विधानसभा से प्रभारी नियुक्त किए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि माननीय राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, मनीश सिसोदिया एवं प्रदेश प्रभारी दिनेश मोहनिया ने जो भरोसा मुझ में दिखाया है मै उस पर खरा उतर कर दिखाउंगा और कैंट विस से इस चुनाव को जीत कर दिखाउंगा। उन्होंने कहा कि कैंट विस से इस चुनाव को जीत कर दिखाउंगा।

### पर्वतीय इलाकों में भारी बर्फबारी, बदरीनाथ हाईवे बंद

**संवाददाता**देहरादून। उत्तराखंड में तीसरे दिन गुरुवार को भी मौसम खराब रहा। सुबह राजधानी देहरादून सहित राज्य के अधिकतर इलाकों में बादल छाए रहे। हालांकि बाद में देहरादून में धूप खिल आई, लेकिन दोपहर बाद फिर मौसम खराब हो गया।वहीं चारधाम सहित ऊंची चोटियां बर्फबारी से ढक गईं हैं। राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मसूरी में भी तीसरे दिन भी घने बादल छाए रहे। नागटिब्बा में जमकर बर्फबारी हुई। शहर में शीतलहर का प्रकोप जारी है। चकराता, रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी जारी है।

### फ्रंट लाइन वर्कर को बूस्टर डोज की तैयारी

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश में कोरोना संक्रमण के मामले एक बार फिर उछाल लेने लगे हैं। इन सबके बीच अब प्रथम पंक्ति के कोरोना योद्धा भी संक्रमण की जद में आने लगे हैं। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग इन्हें बूस्टर डोज देने की तैयारी कर रहा है। 10 जनवरी से इन्हें बूस्टर डोज लगाई जाएगी। प्रदेश में 3.08 लाख से अधिक स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता व फ्रंट लाइन वर्कर हैं। इनमें से 2.95 लाख को दूसरी डोज लगाई जा चुकी हैं।

# पूरे देश से कांग्रेस का हो रहा है सफाया

**संकल्प यात्रा**

■ विजय संकल्प यात्रा के समापन पर उत्तरकाशी पहुंचे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह



**संवाददाता**

देहरादून। उत्तरकाशी में गढ़वाल की विजय संकल्प यात्रा के समापन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दुनिया में भारत की साख बढ़ी है। कहा कि पंजाब में पीएम नरेन्द्र मोदी की जान से खिलवाड़ पूरी तरह सुनियोजित और कांग्रेस प्रायोजित है। ना भूलें कि इस साजिश को अंजाम देने वाले चरणजीत चन्न को और हरीश रावत ने, परिवार के कहने पर पंजाब का सीएम बनाया।

रक्षामंत्री ने कहा– मोदी जी के मन में उत्तराखंड के विकास को लेकर एक तड़पन है। केदारनाथ प्रांगण का उन्होंने पुनर्निर्माण कराया। कांग्रेस के नेता आरोप लगाते हैं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी मार्केटिंग करते है। वे उन गुफाओं में रहने गए जो कांगेस ने बनाई थी। इस तरह के सतही आरोप नहीं लगाने चाहिए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तरकाशी में गढ़वाल की विजय संकल्प यात्रा का समापन किया। राजनाथ सिंह के नेतृत्व में उत्तरकाशी में विजय संकल्प यात्रा भी निकाली गई। जिसके बाद जोशियाड़ा स्थित भागीरथी मैदान में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जनसभा को संबोधित किया। उत्तरकाशी में एक सैनिक स्कूल खोलने का भी आश्वासन दिया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पूरे देश से कांग्रेस का सफाया हो रहा है। इस लिए यहां भी कांग्रेस को अपने आसपास दुबकने मत दो। राजनाथ सिंह ने कांग्रेस के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का नाम निकाले बिना उन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि केदारनाथ में अगर कांग्रेस ने गुफा बनाई थी तो उस गुफा में कांग्रेस के नेताओं ने बैठने की हिम्मत क्यों नहीं जुटाई। इस लिए कांग्रेस के नेताओं को कोई आरोप लगाने से पहले दस बार सोचना चाहिए। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सिंह भाजपा के दिग्गज नेता भी मौजूद हैं। भाजपा ने इस कार्यक्रम सफल बनाने के लिए पूरा जोर लगाया हुआ है। खासकर गंगोत्री, यमुनोत्री व पुरोला विधानसभा से टिकटों के दावेदारी करने वाले इस विजय संकल्प यात्रा में अपना शक्ति प्रदर्शन भी दिखाएंगे। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है।

विजय संकल्प यात्रा के समापन का कार्यक्रम जोशियाड़ा झील के किनारे भागीरथी मैदान में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रक्षा मंत्री आज दोपहर साढ़े बारह बजे विश्वनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। जिसके बाद विश्वनाथ चौक से विजय संकल्प यात्रा रथ पर सवार होकर भागीरथी मैदान में पहुंचेंगे तथा सभा को संबोधित करेंगे। विजय संकल्प यात्रा के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा, जिले के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी मौजूद रहेंगे।

### पीएम मोदी की जान लेने पर तुले कांग्रेसियों को जनता माफ नहीं करेगी

पंजाब में गत बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक होना बेहद ही गंभीर मामला है। इसको लेकर जनता कांग्रेस को माफ नहीं करेगी। प्रधानमंत्री देश के प्रधानमंत्री होता है। वह व्यक्ति नहीं है, बल्कि वह एक संस्था है। उन्होंने कहा कि हरीश रावत भी इस षड्यंत्र में पूरी तरह शामिल हैं। उनकी चुप्पी उन्हें इस गुनाह से नहीं बचा सकती। उनको अपने इस कृत्य के लिए ना सिर्फ माफी मांगनी चाहिए, बल्कि चरणजीत सिंह चन्नी की बर्खास्तगी की मांग भी करनी चाहिए। कांग्रेसी और गांधी परिवार अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकता।

# सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक तैयारियां करने के दिशा निर्देश

**समीक्षा**

■ मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. सन्धु ने सचिवालय में कोविड की समीक्षा की

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. सन्धु ने गुरूवार को सचिवालय में कोविड की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कोविड की तीसरी लहर की सम्भावना को देखते हुए सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक तैयारियां करने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने जनपदों में कोविड की स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखी जाए। प्रतिदिन कोविड को लेकर उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की जाए।

**सुनियोजित तरीके से कार्य करना होगा**

मुख्य सचिव ने सामान्य बेड, ऑक्सीजन बेड और वेन्टीलेटरयुक्त बेड की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। कहा कि सर्दियों में बर्फ से प्रभावित क्षेत्रों में कोविड के लिए सुनियोजित तरीके से कार्य करना होगा। ऐसे क्षेत्रों में सम्पर्क मार्ग अवरूद्ध हो जाने पर भी क्षेत्रवासियों को समस्या न हो इसके पूर्व में ही प्रबन्ध कर लिए जाएं।

मुख्य सचिव ने कहा कि कोविड संक्रमण को रोकने हेतु कोविड अनुकूल व्यवहार का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। लगातार आमजन में मास्क पहनने और सामाजिक दूरी बनाए रखने हेतु जन–जागरूकता फैलायी जाए, साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर मास्क न पहनने वालों पर कार्रवाई भी की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि टेस्टिंग बढ़ाए जाने के साथ ही नियमित तौर पर डाटा अपलोड किया जाए, ताकि स्थिति का सही से अनुमान लगाया जा सके। उन्होंने 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन का लक्ष्य शीघ्र से शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। कहा कि 15 से 17 वर्ष के किशोरों को अगले 7 दिनों में वैक्सीनेट कर लिया जाए। साथ ही, 10 जनवरी से 60 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों को बूस्टर डोज की तैयारी भी सुनिश्चित की जाए।

मुख्य सचिव ने पी.एच.सी. और सी.एच.सी. लेवल तक आवश्यक दवाओं, कोविड आईसोलेशन किट आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि होम आईसोलेशन की व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने हेतु सभी आवश्यक कदम समय से उठा लिए जाएं। कोविड हेतु बनाए गए कंट्रोल रूम आदि को भी एक्टिव कर लिया जाए। मुख्य सचिव ने टेम्परेरी हेल्थ फेसिलिटीज को भी स्टैण्डबाई मोड में एक्टिव रखे जाने के निर्देश दिए। कहा कि कोविड की तीसरी लहर आए या नहीं या वह कितनी प्रभावित करेगी कहना मुश्किल है परन्तु हमें अपनी तैयारियां कोविड से एक कदम आगे रहकर करनी हैं।

### नगर पालिकाओं में स्थाई अधिशासी अधिकारियों की तैनाती को कदम उठाओ सरकार

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश गठन को 21 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन आज तक म्युनिसिपल एक्ट नहीं बन पाया, जिस कारण कर्मचारियों के साथ–साथ जनता को भी पारदर्शी एवं सुशासन से वंचित होना पड़ रहा है। नेगी ने कहा कि बड़े दुर्भाग्य की बात है कि प्रदेश की लगभग 100 नगर पालिकाओं/नगर पंचायतों में मात्र 23 स्थाई अधिशासी अधिकारियों के भरोसे काम चल रहा है, बाकी अन्य नगर पालिकाओं/पंचायतों में कामचलाऊ व्यवस्था के तहत प्रभार देकर व्यवस्था की जा रही है। 'काबिल–ए–गौर है कि कामचलाऊ व्यवस्था के तहत इन पालिकाओं/पंचायतों में प्रभार देने के नाम पर बहुत मोटा खेल चल रहा है !'




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।